Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to complete Vijaywada-Ranchi corridor passing through Nabarangpur Parliamentary Constituency in Odisha.

श्री रमेश चन्द्र माझी (नबरंगपुर): सभापति महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र नबरंगपुर है । हर साल जब नबरंगपुर और मलकानगिरी जिले में बारिश होती है तो कुछ इलाके कट-ऑफ हो जाते हैं । ओडिशा के नबरंगपुर और मलकानगिरी जिले में दो दिन बारिश हुई है और इसके कारण इस साल भी कई इलाके कट-ऑफ हो चुके हैं । मलकानगिरी जिला के कालीमला ब्लॉक और पोडिया ब्लॉक से भी कई इलाके कट-ऑफ हो चुके हैं ।

मेरा निवेदन है कि नेशनल हाईवे विजयवाड़ा-राँची कॉरिडोर का पार्ट है । इसलिए पोटेरू से एमबी-64 के बीच एक ब्रिज बनाया जाए । एमबी-64 से कांगरूकोंडा के बीच एक ब्रिज बनाया जाए । एमबी-90 से एमबी-126 के बीच एक ब्रिज बनाया जाए और एमबी-72 से एमबी-96 के बीच में एक ब्रिज बनाया जाए ।

मैं नेशनल हाईवे डिपार्टमेंट के मिनिस्टर को दरख्वास्त कर रहा हूं कि इसे जल्द से जल्द बनाया जाए । धन्यवाद ।